प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'साठ'

[28/7/2016]

प्रश्न सं. [क्र. 2876]

विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 2876 – द्वारा प्रो. संजीव छोटेलाल उइके के प्रश्नांश "क" से संबंधित

परिशिष्ट–1

जिला यूनियन कार्यालय का नाम	अ. क्रं.	कर्मचारी का नाम	पदनाम	मूल विभाग का नाम	प्रतिनियुक्ति पर पदस्थिति / उपस्थिति का वर्ष
1	2	3	4	5	6
पूर्व मण्डला	1	श्री सुनील कुमार दुबे	सहायक ग्रेड–2	वन विभाग	2003
	2	श्री युसूफ खोखर	वनपाल	वन विभाग	2005
पश्चिम मण्डला	3	श्रीमती सुशीला कुसराम	सहायक ग्रेड–2	वन विभाग	2004

15/7/16

अपर प्रबंध संचालक (प्रशा./सम.)
म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ
भोपाल

परिशिष्ट-2

30

मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

क्रमांक सी/3-11/06/3/एक, भोपाल, दिनांक 29 फरवरी 2008

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मंडल, मध्यप्रदेश ग्वालियर,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागायुक्त,
समस्त जिलाध्यक्ष,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत,
मध्यप्रदेश.

विषय :—बाह्य सेवा अथवा एक्स केडर पदों पर प्रतिनियुक्ति के संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांत.

संदर्भ—सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक एफ ए 10-18/88/49/एक, दिनांक 2-12-88 ज्ञापन कमांक सी/3-18/94/3/एक, दिनांक 12-12-1994 एवं ज्ञापन क्रमांक सी/3-7/95/3/एक, दिनांक 5 जून, 1995.

उपर्युक्त विषयक इस विभाग द्वारा समय-समय पर जारी संदर्भित आदेशों को निरसित करते हुए निम्नानुसार एकजाती आदेश जारी किये जाते हैं :—

(एक) जब किसी एक विभाग को किसी दूसरे विभाग से शासकीय सेवक की सेवाएं प्रतिनियुक्ति पर लेना हो तो उसे संबंधित विभाग से कम से कम तीन अधिकारियों के नामों का पैनल, मय गोपनीय प्रतिवेदन मूल्यांकन पत्रक तथा विभागीय जांच आदि की जानकारी मंगाना चाहिए.

(दो) संबंधित विभाग को चाहिए कि वह यदि अपने लोक सेवक की प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं देने को सहमत हो तो उक्त जानकारी यथाशीघ्र संबंधित विभाग को उपलब्ध कराऐं.

(तीन) उक्त पैनल के आधार पर उपयुक्त लोक सेवक के चयन उपरांत चयनित लोक सेवक की सेवाऐं कम से कम दो वर्ष के लिए प्रतिनियुक्ति पर ली जाना चाहिए.

(चार) विभाग लोक सेवक की सेवाऐं प्रतिनियुक्ति पर देने के लिऐ सहमत हो तो ही सेवाएं लेने वाले विभाग की सहमति पश्चात एवं पैनल चयन होने पर संबंधित लोक सेवक की सेवाऐं सौंपने हेतु औपचारिक आदेश जारी करना चाहिए. आदेश में यह स्पष्ट टीप अंकित करना चाहिए कि सेवाएं लेने वाले विभाग पदस्थापना के औपचारिक आदेश शीघ्र जारी करें. पदस्थापना आदेश जारी होने के पश्चात् ही शासकीय सेवक को पैतृक विभाग द्वारा कार्यमुक्त किया जाऐं.

(पांच) यदि प्रतिनियुक्ति की अवधि के भीतर प्रतिनियुक्ति समाप्त की जाना हो तो दोनों विभागों का आपसी परामर्श से प्रतिनियुक्ति समाप्त की जा सकेगी. परन्तु प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारी/अधिकारी का कार्य संतोषजनक नहीं होने पर सेवा लेने वाले विभाग द्वारा कारणों का उल्लेख करते हुए समय पूर्व सेवाऐं वापस की जा सकेंगी.

2. इसके पश्चात् सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञाप क्रमांक सी/3-18/94/3/एक, दिनांक 12-12-94 के निर्देश अनुसार 4 वर्ष से अधिक के लिए प्रतिनियुक्ति अवधि बढ़ाए जाने संबंधी प्रकरणों को समन्वय में भेजने की आवश्यकता नहीं रहेगी. जिस विभाग में अधिकारी/कर्मचारी प्रतिनियुक्ति पर हैं तथा जिस विभाग से सेवाऐं ली गई हैं उन दोनों विभागों की सहमति होने पर विभाग स्तर पर ही निर्णय ले लिया जाऐं अब ऐसे मामले समन्वय में न भेजे जाकर इनका निराकरण उक्तानुसार सुनिश्चित किया जावे.

3. प्रतिनियुक्ति के संबंध में उक्त मार्गदर्शीय सिद्धांत का कड़ाई से पालन किया जाये.

4. प्रतिनियुक्ति की सेवा शर्तों के संबंध में वित्त विभाग द्वारा समय पर जारी निर्देश लागू होंगे.

5. यह प्रतिनियुक्ति की नीति शासकीय विभागों के अलावा निगमों/मंडलों/प्राधिकरणों या अन्य स्वायत संस्थाओं के लिए भी लागू होगी.

हस्ता./-
(अकीला हशमत)
उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

विधानसभा अतारांकित प्रश्न कमांक 2876 – द्वारा प्रो. संजीव छोटेलाल उइके के प्रश्नांश "ग" से संबंधित

परिशिष्ट–3

जिला यूनियन का नाम	कर्मचारी का नाम	पदनाम	मूल विभाग का नाम	प्रतिनियुक्ति पर पदस्थिति / उपस्थिति का वर्ष	अवधि	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7
पश्चिम मण्डला	श्रीमती सुशीला कुसराम	सहायक ग्रेड–2	वन विभाग	2004	आदेश में अवधि का उल्लेख नहीं है ।	मूल विभाग द्वारा प्रतिनियुक्ति से सेवा वापसी के आदेश होने पर संबंधित की सेवायें उनके मूल विभाग में वापस करने पर विचार किया जायेगा ।

15/7/16

अपर प्रबंध संचालक (प्रशा./सम.)
म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ
भोपाल